पर्यटन विभाग ने मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप के लिए मांगे आवेदन

31 अगस्त तक होंगे आवेदन, चयनित अभ्यर्थियों को मिलेंगे 40 हजार रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। पर्यटन विभाग मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को एक साल के लिए रखेगा। शोधार्थियों को पारिश्रमिक के साथ ही क्षेत्र भ्रमण के लिए कुल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्हें पारिश्रमिक 30 हजार रुपये तथा क्षेत्र भ्रमण के लिए 10 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे।

शोधार्थी को एक टैबलेट भी दिया जाएगा। 40 साल तक की उम्र के स्नातक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है।

40 साल तक के स्नातक कर सकते हैं आवेदन, एक साल के लिए होंगे तैनात

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि युवाओं के लिए पर्यटन से जुड़े कार्यों में सहभागिता का यह बेहतर अवसर है। फेलोशिप कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य पर्यटन विभाग की योजनाओं के पर्यवेक्षण, अनुश्रवण व पारिस्थितिकी से जुड़े स्थलों का सर्वांगीण विकास करना है। साथ ही योजनाओं का मूल्यांकन, संरचना, मेले-महोत्सवों की रूपरेखा तैयार कराने, पर्यटन क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व वृद्धि व भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं बनाना है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि आवेदन के लिए मान्यता प्राप्त संस्थानों या विश्वविद्यालयों से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक या उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले इसके लिए योग्य हैं। बीबीए, एमए, एमफिल, पीएचडी, टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, एमबीए-हॉस्पिटैलिटी टूरिज्म एंड ट्रैवल, पीजी डिप्लोमा-ट्रैवल एंड टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन व पुरातत्व में डिग्री या डिप्लोमा वाले को वरीयता दी जाएगी। चयनित शोधार्थी की संबद्धता एक साल की होगी। आवश्यकता के हिसाब से संबद्धता एक साल के लिए बढ़ाई जा सकती है।